एक नजर में

## नाली में गिरे जानवर को गौ सेवकों ने निकाला

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में बेसहारा सांडों की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। मंगलवार को पुराना बस स्टैंड के पास दो सांडों की लड़ाई में एक सांड नाली में जा गिरा। गो सेवकों ने उसे बाहर निकाला।**

स्थानीय लोगों के अनुसार बेसहारा सांड राहगीरों पर हमला कर रहे हैं। सांडों की लड़ाई के कारण सड़क के दोनों तरफलोगों को रुकना पड़ा। कुछ दिनो पहले नगर पालिका ने आवारा जानवरों को पकड़ने का अभियान चलाया था। अब नगर पालिका फिर से यह अभियान शुरू करने बाली है जिससे लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह ने बताया कि गोवंश को पकड़ने का काम जारी है। कई गोवंश को आसपास के जंगलों में छोड़ा गया। लेकिन वे शहर में वापस लौट आते हैं। कर्मचारियों को अभियान जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। शहर में बेसहारा सांडों की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। मंगलवार को पुराना बस स्टैंड के पास दो सांडों की लड़ाई में एक सांड नाली में जा गिरा। गो सेवकों ने उसे बाहर निकाला।

# क्षतिग्रस्त बड़े पुल की पिचिंग गिरकर धराशायी

**लोगों ने बारिश के पहले की थी मरम्मत की मांग**

**बड़ी अनहोनी टली, लोगों में बना हादसे का भय**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। नवभारत समाचार पत्र ने बारिश होने के पहले अपने 8 मई के अंक में शीर्षक क्षतिग्रस्त पुल दे रहा हादसों को न्योता नामक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था ताकि प्रशासन इस ओर ध्यान देकर जर्जर पुल का मेंटीनेंस करवाए जिससे बारिश में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। लेकिन टीकमगढ़ में प्रशासनिक अमले की लापरवाही के कारण शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात में हुई तेज बारिश के कारण सागर मार्ग पर स्थित जीर्णशीर्ण बड़ा पुल की आखिरकार पानी की टंकी के पास की पिचिंग गिर गई। गनीमत यह रही की हादसा रात्रि के समय हुआ अगर यह**



## क्षतिग्रस्त बड़ा पुल दे रहा हादसों को न्योता

**लोगों ने बारिश के पहले मरम्मत करने की मांग की**

**पुल के नीचे से निकलने में लोगों को बना रहता भय**

नवभारत न्यूज टीकमगढ। मध्यप्रदेश सरकार भले ही लोगों की जान को लेकर सजग बनी हुई है। लेकिन टीकमगढ़ में प्रशासनिक अमले की लापरवाही के कारण सागर मार्ग पर स्थित जीर्णशीर्ण बड़ा पुल हादसे को न्यौता दे रहा है। इस पुल के कुछ अंश गिरने से पहले भी एक बड़ा हादसा टला था, लेकिन इस बारिश में अब इसकी हालत बेहद दयनीय होने के आसार बन रहे है। लगभग तीन वर्ष पूर्व इस पुल को बनवाने के लिए नगर पालिका ने तैयारी की थी, लेकिन इसका निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं कराया गया है।

शहर के हनुमान चालीसा के पास स्थित बड़े पुल की हालत इतनी दयनीय हो गई है कि वह कभी भी गिर सकता है। वहां रहने वाले राहगीरों का कहना है कि यहां से गुजरने में हम लोगों को भय लगता है। क्योंकि बड़ा पुल क्षतिग्रस्त होकर हर बारिश में अपने अंश छोड़ने लगता है।

ऐसा ही इस बारिश में देखने को मिल सकता है। बड़े पुल की दीवार के बीच एक पेड़ की शाखाएं बढ़ने के कारण पुल की दीवार टूटने की कगार पर है। इसकी कई बार जिला प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी इसमें सुधार नहीं हो रहा है। लोगों ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षो पूर्व इस पुल को तोड़कर नया पुल निर्माण कराने की बात सामने आई थी, लेकिन तीन वर्ष बीतने जा रहे है मगर पुल की स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है। वहां से गुजरने वाले पुराने टेहरी, पपौरा ग्राम के लोगों का कहना है कि जब तेज बारिश होते ही तो इस पुल से निकलने में बेहद डर महसूस होता है। लगता ही कहीं यह पुल धराशायी नहीं हो जाए।

ऐसा नहीं कि इस क्षतिग्रस्त बड़े पुल की जानकारी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को न हो, बल्कि उनके पास कई शिकायतें पहुंचने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाना प्रशासन मुनासिब नहीं समझता। कलेक्टर भले ही जिले में अच्छी व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजग हो, लेकिन उनके नीचे काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी महज खानापूर्ति कर उनके आदेश को धता बता रहें। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन मांग की है कि जब तक पुल का निमार्ण नही हो रहा है ऐसी स्थिति में पुल की मरम्मत का कार्य कराया जाए जिससे यहां के लोग अनहोनी से बचे रहे।

**रोडमैप तैयार होने के बाद भी नही हो रहा निर्माण**

यहां के रहने वाले लोगों ने बताया है कि इस पुल के नीचे से पुराने समय की पानी की पाईप लाईन भी निकली है। यह पाईप लाईन पानी की टंकी की ओर जाती है। पाईप लाईन से पानी की टंकी का भराव होता है। पाईपों की साईज भी पुराने समय वाली है। तीन वर्ष पहले संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जब इस निर्माण कार्य को लेकर निरीक्षण किया था। तब यही बात सामने आई थी कि पुल निर्माण के पहले पानी की पाईप लाईन को शिफ्ट कैसे किया जाए। इसका रोडमैप भी तैयार किया गया था। इसके बावजूद भी इस कार्य में कोनसी बाधा आ रही है।

**घटना दिन के समय होती तो बड़ी अनहोनी को टाला नही जा सकता था। हालाकि इस पुल के कुछ अंश गिरने से पहले भी एक बड़ा हादसा टला था, लेकिन इस बारिश में अब इसकी हालत बेहद दयनीय हो चुकी है। लगभग तीन वर्ष पूर्व इस पुल को बनवाने के लिए नगर पालिका ने तैयारी की थी, लेकिन इसका निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं कराया गया है। इस कार्य में लोकनिर्माण विभाग एवं सेतु विभाग के बीच पेंच फंसा होने के कारण कार्य शुरू नही हो पा रहा है।**

दरअसल शहर के हनुमान चालीसा के पास स्थित बड़े पुल की हालत इतनी दयनीय हो गई है कि वह कभी भी गिर सकता है। वहां रहने वाले राहगीरों का कहना है कि यहां से गुजरने में हम लोगों को भय लगता है।



क्योंकि बड़ा पुल क्षतिग्रस्त होकर हर बारिश में अपने अंश छोड़ने लगा है। ऐसा ही इस बारिश में देखने को मिला है। जिसमें बड़े पुल की पिचिंग गिरकर धराशाई हो चुकी है। यह घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात तेज बारिश के दौरान हुई है। हालाकि सुबह जानकारी लगते ही कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रशासनिक अमले के साथ यह पहुंचकर पुल का बारीकी से अवलोकन करते हुए उन्होनें क्षतिग्रस्त पुल से निकलने बाले दोनों मार्गो को प्रतिबंधित कर दिया है। जिससे लोग यह से ना निकले, इसके लिए उन्होनें संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुल के रख-रखाव के लिए निर्देशित किया है। अगर समय रहते प्रशासन सजग हो जाता तो शायद यह मामला सामने नही आता।

**कौनसी समस्या बनी निर्माण कार्य में बाधा**

क्षतिग्रस्त पुल के नीचे से पुराने समय की पानी की पाईप लाईन भी निकली है। यह पाईप लाईन पानी की टंकी की ओर जाती है। पाईप लाईन से पानी की टंकी का भराव होता है। पाईपों की साईज भी पुराने समय वाली है। तीन वर्ष पहले संबंधित विभाग के अधिकारियों ने जब इस निर्माण कार्य को लेकर निरीक्षण किया था। तब यही बात सामने आई थी कि पुल निर्माण के पहले पानी की पाईप लाईन को शिफ्ट कैसे किया जाए। इसका रोडमैप भी तैयार किया गया था। इसके बावजूद भी इस कार्य में कोनसी बाधा आ रही है, जिससे कार्य शुरू नही हुआ।

## अतिक्रमण के चलते घरों में भरा पानी



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। वृंदावन तालाब का पानी इन दिनों बारिश के मोसम में हो रही बरसात के दौरान ओवरफ्लो होकर शहर की कई कॉलोनियों में भर रहा है। पिछले तीन दिनों से तालाब का पानी नाले में बह रहा है। इससे शिव शक्ति कॉलोनी, कौशलपुरी कॉलोनी और भटनागर कॉलोनी के लोग प्रभावित हो रहे है। लोगों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।**

स्थानीय निवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नाले से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। कौशलपुरी कॉलोनी के निवासियों के अनुसार वृंदावन तालाब से कुंवरपुरा तक नाले पर अवैध कब्जा किया गया है। ओरछा स्टेट के नक्शे में नाले की चौड़ाई 30 फीट दर्ज है। चीप स्टोर के पास पुलिया 40 फीट चौड़ी है। लेकिन आगे लोगों ने नाले पर मकान बना लिए हैं। अतिक्रमण के कारण नाले की चौड़ाई घटकर मात्र 10 फिट रह गई है हाल ही में हुई बारिश में नाले का पानी घरों में भर गया। इससे लोगों का सामान खराब हो गया। हजारों रुपयों की जनहानि हुई। प्रभावित कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर से अवैध कब्जा हटाने की गुहार लगाई है।

## जैन समाज ने की मंगल कलश की स्थापना



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शहर के हृदय स्थली 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन बाजार मंदिर में महा श्रमण मुनि रत्नत्रय के धारी 108 सौम्य सागर जी महामुनि राज एवं 108 जयंत सागर जी महामुनि राज के सानिध्य में जैन समाज द्वारा मंगल कलश की स्थापना हुई।**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे महाराज श्री मंच पर विराजमान हुए मंगलाचरण चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन ,गुरु जी के चरण प्रक्षालन हुआ फिर कई सांस्कृतिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के बाद कलश स्थापना की गई। सैकड़ो की संख्या में माता ,बहने एवं पुरुष शामिल हुए।

टीकमगढ़ की धरती ने कुछ तो विशेष पुण्य किया होगा,इस धरती का कोई सौभाग्य रहा होगा की अनमोल क्षण टीकमगढ़ के समाज को प्राप्त हुए और गुरुओं के चरण टीकमगढ़ में पड़े । आज टीकमगढ़ में कलश स्थापना त्योहार के रूप में मनाया गया। ऐसे लग रहा था ,मानो दीपावली का पर्व मनाया जा रहा हो।

## पदों की पूर्ति के लिए काउंसलिंग 21 तक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति काउंसलिंग से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाना है।**

पद हेतु उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक उच्च पद प्रभार में कार्यरत सहित एक जनवरी 2025 को आयु 52 वर्ष से अधिक नहीं हो, संबंधित के विरूद्ध कोई विभागीय जांच, आपराधिक प्रकरण एवं लम्बे समय से लगातार अनुपस्थिति की शिकायत प्रचलित नहीं हो। उपरोक्तानुसार निर्धारित अर्हताधारी लोकसेवक काउंसलिंग में सम्मिलित होने हेतु सहमति सह जानकारी निर्धारित प्रारूप में 21 जुलाई तक जिला शिक्षा केन्द्र टीकमगढ़ में कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

तत्संबंधी विस्तृत विवरण, निर्धारित प्रारूप एवं रिक्तियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत टीकमगढ़ जिले में जनपद शिक्षा केन्द्र में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक एवं जनशिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति काउंसलिंग से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से की जाना है। काउंसलिंग से प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए संबंधित विभाग के द्वारा तैयारिया कर ली है।

## कागजों में सीएम राइज स्कूलों की व्यवस्थाएं

**नवभारत न्यूज पलेरा। सर्वसुविधायुक्त का ढिंढोरा पीटकर शुरू किए गए सीएम राइज स्कूलों की जमीनी हकीकत कुछ और है। कागजों में केवल नाम बदले हैं और भवन की रंगाई-पुताई हो गई, बाकी हालात पुराने ही हैं। पर्याप्त फर्नीचर न होने से क्षमता से अधिक विद्यार्थी ठसाठस बैठने को विवश हैं और बिजली आपूर्ति में व्यवधान पर पंखे भी नहीं चलते है।**

,इसके अलावा सीएम राइज सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल पलेरा में क्षमता से अधिक छात्रों के एडमिशन का सिलसिला जारी बना हुआ है। बताया गया है कि राजनैतिक दबाव के चलते एडमिशन की प्रक्रिया निरंतर जारी बनी हुई है। शिक्षा विभाग के




अधिकारी इस पूरे मामले को लेकर खामोश बने हुए हैं। दरअसल सीएम राइज स्कूलों में विद्यार्थियों को आने-जाने के लिए वाहन, निजी स्कूलों की तर्ज पर नर्सरी, केजी कक्षाएं, दक्ष शिक्षकों सहित अन्य स्टाफ, स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल लर्निंग, प्रयोगशालाएं एवं पुस्तकालय, व्यावसायिक शिक्षा की सुविधा के दावे किए गए थे। हिंदी-अंग्रेजी दोनों माध्यम में पढ़ाई, स्वीमिंग पूल, बैंकिंग काउंटर, डिजिटल स्टूडियो, कैफेटेरिया, जिम, थिंकिंग एरिया की सुविधा के भी दावे थे।

## 828 .3 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

**नवभारतन्यूज, टीकमगढ़। एक जून से 14 जुलाई तक टीकमगढ़ जिले में 828.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 14 जुलाई तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 1119 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 565, बल्देवगढ़ में 782, खरगापुर में 789, जतारा में 611, मोहनगढ़ में 940, लिधौरा में 759 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 1061 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।**

जिले में बीते 24 घंटे में 14 जुलाई तक 10.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 13 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 16, बल्देवगढ़ में 8, खरगापुर में 12, जतारा में 2, मोहनगढ़ में 20, लिधौरा में 9 तथा पलेरा में 2 मिलीमीटर दर्ज की गई है।

## नशा मुक्ति के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

**नवभारत न्यूज पलेरा। नगर में मंगलवार को स्कूली बच्चों ने नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते पोस्टर लेकर रैली निकाली। भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूली बच्चों के माध्यम से नशे से मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली को लेकर तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर ने नशे से जुड़े बेहद गंभीर पहलुओं पर विचार व्यक्त किए।**

उन्होंने कहा कि बच्चों के संदेश से नशे की लत से ग्रसित लोग प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। अभिभावक उनकी बातों को मानते हैं। इसलिए रैली में बच्चों को शामिल किया गया है। इस



दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने छात्र एवं छात्राओं को बताया कि नशा करने से व्यक्ति का धन और मान की हानि तो होती ही है।

साथ ही उसका और परिवार के अन्य सदस्यों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। उन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने में युवा पीढ़ी से सहयोग की अपील करते हुए नशीली चीजों से दूर रहते हुए अपने घर से ही नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत करने एवं अपने अभिभावकों तथा आस-पास के समाज के लोगों को नशा से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से नशे की अवैध कारोबार को रोकने के लिए पुलिस निरंतर अपना काम कर रही है।

## भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सौंपा पत्र

**ओरछा नगरी में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित की मांग**

**मुख्यमंत्री ने मांगों पर विचार करने का दिया आश्वासन**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। विगत दिवस दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भाजपा नेता विकास यादव ने मुलाकात कर श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित करने सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा है।**

मांग पत्र में बताया गया कि 40 वर्ष पहले श्री लक्ष्मी मंदिर से चोरी हुई श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति की पुनः प्राण प्रतिष्ठा करने, जहाँगीर महल का नाम परिवर्तित कर महारानी कुँवरगणेश के नाम पर करने, श्री रामराजा मंदिर के बाहर स्थित परिसर में श्री रामराजा



सरकार को ओरछा लाने वाली महारानी कुँवर गणेश की श्री रामलला को गोद में लिये हुए प्रतिमा स्थापित करने, ओरछा रेलवे स्टेशन का नाम भगवान श्री कृष्ण के अनन्य भक्त रहे ओरछा रियासत के पूर्व महाराज मधुकरशाह के नाम पर महाराज मधुकरशाह ओरछा रेलवे स्टेशन करने, ओरछा में महाराज मधुकरशाह की आदमकद प्रतिमा स्थापित करन, ओरछा नगर से लगे हुए सभी ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्याकरण करने, राजस्थान की राजधानी जयपुर की तरह समूचे ओरछा में शासकीय व अशासकीय भवन, दुकान इत्यादि के लिये एक निर्धारित रंग का चयन कर सभी के लिये इसके अनुपालन की अनिवार्यता करने, ओरछा मुख्यालय पर हवाई पट्टी का निर्माण करने, ओरछा में पीएम श्री हैलीकॉप्टर सेवा शुरू करने एवं ओरछा में महारानी कुँवर गणेश की पावन स्मृति में मध्यप्रदेश मंत्री परिषद् की बैठक का आयोजन करने संबंधी मांगे शामिल हैं।

भाजपा नेता विकास यादव की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शीघ्र ही ओरछा प्रवास पर आने और मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। विगत दिवस दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भाजपा नेता विकास यादव ने मुलाकात कर श्री राम राजा सरकार की नगरी ओरछा में मंत्री परिषद की बैठक आयोजित करने सहित अन्य विकास कार्यों के संबंध में एक मांग पत्र सौंपा है।

**शिविर** जतारा विधायक ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का किया अवलोकन

# धरती आबा जनजातीय जनभागीदारी शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। भगवान बिरसा मुंडा धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान अंतर्गत मंगलवार को प्रातः 10 बजे से ग्राम आहार ब्लॉक बल्देवगढ़ में जनजातीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल एवं प्रदर्शनी लगाई गई। तथा विभागों से संबंधित योजनाओं से आदिवासी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया किया गया। कार्यक्रम में जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, विवेक चतुर्वेदी सहित संबंधित विभाग को आला अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव सहित हितग्राही मौजूद रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।**



कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, एनआरएलएम आजीविका मिशन समूह कृषि विभाग, कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, लीड बैंक, शिक्षा विभाग इत्यादि समस्त विभागों के स्टाल लगाए गए। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, आधार कार्ड, जन धन खाते, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया गया। शिविर में लगाए गए स्टालों का जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने अवलोकन किया। कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने भगवान बिरसा मुंडा धरती आबा जनजातीय जनभागीदारी शिविरों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान 15 जून से 15 जुलाई तक चयनित 62 ग्रामों में भगवान बिरसा मुंडा धरती आबा जनजातीय जनभागीदारी शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय के पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, जन धन खाते, आधार कार्ड सहित शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिया गया।

**जिला संयोजक ने किया सभी का आभार व्यक्त**

कार्यक्रम के समापन पर जिला संयोजक जनजाति कल्याण विभाग मुकेश पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, तहसीलदार डॉ. एके गुप्ता, जनजाति कल्याण विभाग के समस्त अधीक्षक, स्टाफ सहित संबंधित अधिकारी तथा स्थानीयजन उपस्थित रहे जिन्होने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया है।

## भूखंडों के लिये उद्यमी से मांगे सुझाव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र टीकमगढ़ राजशेखर पांडे ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में विकसित नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया तहसील टीकमगढ़ का अभिन्यास विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति 20 जुलाई तक विभाग के पोर्टल पर अपने सुझाव भेज सकता है।**

उक्त औद्योगिक क्षेत्र में निवेश के इच्छुक उद्यमी प्रस्तावित उत्पाद तथा उत्पाद के दृष्टिगत भूखंडों के आवश्यक साईज के संबंध में अपना सुझाव 20 जुलाई 2025 तक ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजशेखर पांडे ने बताया कि जिले में विकसित नवीन औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया तहसील का अभिन्यास विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।

## जनसुनवाई में समस्याएं निराकृत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।**

जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्रों पर सुनवाई की गई। जिसमें 10 दिवस के अंदर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन अधिकारियों ने दिया है।